संख्या-1/1680/77-2-2013 -165(165)पीएस/ 2005

प्रेषक,

कंचन वर्मा,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
मुद्रण एवं लेखन सामग्री,
उ0प्र0 इलाहाबाद

औद्योगिक विकास अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 20 जनवरी, 2014

विषय - रिट याचिका संख्या- 5754 / 2013 में मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश दिनांक 1-2-2013 के अनुपालन में वादी के प्रत्यावेदन का निस्तारण कराया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या 194 / कोर्ट सेल / कैम्प/ निदे0- 2013 दिनांक 19-11-2013 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वादी श्री अमित कुमार पुत्र स्व0 मुन्नू लाल को अनुकम्पा के आधार पर चतुर्थ श्रेणी के पद पर सेवायोजित किये जाने के संबंध में शासनादेश संख्या- 6 1273 -2/13 दिनांक 16-4-1993 के अन्तर्गत निर्धारित समय सीमा 05 वर्ष के उपरान्त बालिग होने की स्थिति में शासन से निर्णय लेने हेतु अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त उ0प्र0 सेवाकाल में मत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती सातवा संशोधन नियमावली 2006 के नियम 5 (1) (तीन) में दी गयी व्यवस्था के आलोक में समय सीमा के अवसान के पश्चात सेवायोजन के लिए आवेदन करने के लिए श्री अमित कुमार को एतद्द्वारा छूट प्रदान किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृत प्रदान करते है।

3- रिट याचिका सं0 5754/2013 श्री अमित कुमार बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश दिनांक 1-2-2013 एवं अवमाननावाद संख्या 4453/2013 श्री अमित कुमार बनाम श्रीमती श्रृद्वा मिश्रा विशेष सचिव, औद्योगिक विकास अनुभाग- 2 व अन्य में पारित आदेश दिनांक 19-9-2013 के अनुपालन में श्री अमित कुमार को मृतक आश्रित के रूप में चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियुक्ति करने हेतु आप अधिकृत है। अत: प्रश्नगत नियुक्ति के संबंध में गुण दोष के आधार पर कार्यवाही करते हुए मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 19-9-2013 के अनुपालन में श्री अमित कुमार का प्रत्यावेदन दिनांक 01-10-2013 को अपने स्तर से निस्तारित करने का कष्ट करे।

भवदीया,

( कंचन वर्मा )
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

<u>संख्या- 1680(1)/ 77-2-2014 तददिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ् एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1- मुख्य स्थायी अधिवक्ता, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद

2- श्री अमित कुमार पुत्र स्व0 मुन्नू लाल, निवासी 5/ 62 एलआईजी आवास विकास कालोनी योजना 3 झूसी, इलाहाबादा

3- गार्ड फाईल

आज्ञा से
इन्द्रसेन
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in